## 2. व्यावहारिक व्याकरण

### (क) पद परिचय

प्रश्न 1. <u>वाह</u> ! उपवन में सुन्दर फूल खिले हैं | रेखांकित पद का परिचय है ?

(क) अव्यय, विस्मयादिबोधक, प्रश्नबोधक

(ख) अव्यय, विस्मयादिबोधक, व्यंग्यबोधक

(ग) अव्यय, विस्मयादिबोधक, हर्षबोधक

(घ) अव्यय, विस्मयादिबोधक, घृणाबोधक

उत्तर- (ग) अव्यय, विस्मयादिबोधक, हर्षबोधक

प्रश्न 2. <u>आजकल</u> प्रदूषण तेजी से फ़ैल रहा है | रेखांकित पद का परिचय है ?

(क) अव्यय, क्रियाविशेषण, कालवाचक, 'फैलना' क्रिया की विशेषता बता रहा है|

(ख) अव्यय, क्रियाविशेषण, रीतिवाचक 'फैलना' क्रिया की विशेषता बता रहा है|

(ग) विशेषण, गुणवाचक, प्रदूषण की विशेषता बता रहा है|

(घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (क) अव्यय क्रिया विशेषण कालवाचक 'फैलाना' क्रिया की विशेषता बता रहा है|

प्रश्न 3. <u>परिश्रमी</u> छात्र सदा सफल होते हैं | रेखांकित पद का पद-परिचय है -

(क) विशेषण स्थानवाचक, पुल्लिंग , बहुवचन , छात्रविशेष्य

(ख) विशेषण गुणवाचक पुल्लिंग बहुवचन छात्र विशेष्य

(ग) सर्वनाम, निश्चयवाचक, पुल्लिंग , बहुवचन, छात्र विशेष्य

(घ) संज्ञा व्यक्तिवाचक,पुल्लिंग , बहुवचन, छात्र विशेष्य

उत्तर- (ख) विशेषण गुणवाचक पुल्लिंग बहुवचन छात्र विशेष्य

प्रश्न 4. यह बहुत <u>मनोरंजक</u> कहानी है | रेखांकित पद का परिचय है ?

(क) विशेषण, एक वचन, स्त्रीलिंग, कहानी विशेष्य की विशेषता बताता है |

(ख) प्रविशेषण, पुल्लिंग, मनोरंजक - विशेषण की विशेषता बताता है |

(ग) विशेषण, एक वचन, स्त्रीलिंग,बहुत- विशेषण की विशेषता बताता है |

(घ) प्रविशेषण, एक वचन, स्त्रीलिंग, मनोरंजक - विशेषण की विशेषता बताता है |

उत्तर- (क) विशेषण, एक वचन, स्त्रीलिंग, कहानी विशेष्य की विशेषता बताता है |

प्रश्न 5. वह अचानक दिखाई दिया | रेखांकित पद का परिचय है ?

(क) पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तमपुरुष, पुल्लिंग, एकवचन, दिखाई दिया क्रिया का कर्त्ता |

(ख) पुरुषवाचक सर्वनाम, अन्य पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन, दिखाई दिया क्रिया का कर्त्ता |

(ग) अनिश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, दिखाई दिया क्रिया का कर्त्ता |

(घ) पुरुषवाचक सर्वनाम, अन्य पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन, दिखाई दिया क्रिया का कर्म |

उत्तर- (ख) पुरुषवाचक सर्वनाम, अन्य पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन, दिखाई दिया क्रिया का कर्त्ता |

प्रश्न 6. आकाश धीरे-धीरे चलता है |रेखांकित पद का पद परिचय है -

(क) क्रियाविशेषण रीतिवाचक

(ख) विशेषण रीतिवाचक

(ग) विशेषण कालवाचक

(घ) क्रियाविशेषण, स्थानवाचक

उत्तर- (क) क्रियाविशेषण रीतिवाचक

प्रश्न 7. प्रेमचंद ने अनेक प्रसिद्ध उपन्यास लिखे |रेखांकित पद का पद परिचय है -

(क) संज्ञा जाति वाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्मकारक

(ख) संज्ञा व्यक्तिवाचक पुल्लिंग एकवचन कर्ताकारक

(ग) संज्ञा भाववाचक ,पुल्लिंग ,बहुवचन ,कर्ताकारक

(घ) संज्ञा जातिवाचक, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ताकारक

उत्तर- (ख) संज्ञा व्यक्तिवाचक पुल्लिंग एकवचन कर्ताकारक

प्रश्न 8. काला घोड़ा तेज भागता है| रेखांकित पद का पद परिचय है -

(क) क्रिया, भूतकाल, एकवचन, पुल्लिंग ,अकर्मक

(ख) क्रिया, वर्तमानकाल, एकवचन ,स्त्रीलिंग, सकर्मक

(ग) क्रिया, वर्तमानकाल, एकवचन, पुल्लिंग ,अकर्मक

(घ) क्रिया, भविष्यतकाल, एकवचन ,पुल्लिंग ,अकर्मक

उत्तर- (ग) क्रिया, वर्तमानकाल , एकवचन, पुल्लिंग, अकर्मक

प्रश्न 9. दरवाजे पर <u>कोई</u> खड़ा है |रेखांकित पद का पद परिचय है -

(क) सर्वनाम ,अनिश्चयवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्मकारक

(ख) सर्वनाम, अनिश्चयवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ताकारक

(ग) सर्वनाम, निश्चयवाचक, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ताकारक

(घ) सर्वनाम ,निश्चयवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्मकारक

उत्तर- (ख) सर्वनाम, अनिश्चयवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ताकारक

प्रश्न 10. कल प्राचार्य जी प्रत्येक कक्षा में <u>गए</u> |रेखांकित पद का पद परिचय है -

(क) क्रिया, सकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, भूतकाल, कर्तृवाच्य

(ख) क्रिया, सकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमानकाल, कर्तृवाच्य

(ग) क्रिया, अकर्मक, बहुवचन, पुल्लिंग, भूतकाल, कर्तृवाच्य

(घ) क्रिया, अकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, भूतकाल, कर्तृवाच्य

उत्तर- (घ) क्रिया, अकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, भूतकाल, कर्तृवाच्य

प्रश्न 11.सुरेश <u>वहाँ</u> नौकरी करता है | रेखांकित पद का पद परिचय है -

(क) क्रियाविशेषण, स्थानवाचक

(ख) क्रियाविशेषण ,रीतिवाचक

(ग) विशेषण,कालवाचक

(घ) विशेषण,परिमाणवाचक

उत्तर- (क) क्रियाविशेषण, स्थानवाचक

प्रश्न 12. राम यहाँ <u>दसवीं</u> कक्षा में पढ़ता था | रेखांकित पद का परिचय है ?

(क) संख्यावाचक विशेषण, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कक्षा विशेष्य का विशेषण |

(ख) परिमाणवाचक विशेषण, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कक्षा विशेष्य का विशेषण |

(ग) सार्वनामिक विशेषण, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कक्षा विशेष्य का विशेषण

(घ) संख्यावाचक विशेष्य, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग,बहुवचन, कक्षा विशेष्य का विशेषण |

उत्तर- (क) संख्यावाचक विशेषण, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कक्षा विशेष्य का विशेषण |

प्रश्न13. वह अचानक मेरे घर आ गया | रेखांकित पद का पद परिचय है-

(क) विशेषण, स्थानवाचक

(ख) विशेषण, कालवाचक

(ग) क्रियाविशेषण, रीतिवाचक

(घ) क्रियाविशेषण, स्थानवाचक

उत्तर- (ग) क्रियाविशेषण, रीतिवाचक

प्रश्न 14. भूषण वीर रस के कवि थे | रेखांकित पद का पद परिचय है -

(क) विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, कर्त्ता कारक

(ख) भाववाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन कर्त्ता कारक

(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्त्ता कारक

(घ) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्त्ता कारक

उत्तर- (ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्त्ता कारक

प्रश्न 15. वसंत ऋतु सभी को अच्छी लगती है |रेखांकित पद का पद परिचय है -

(क) विशेषण, स्त्रीलिंग ,स्थानवाचक, एकवचन, ऋतु विशेष्य

(ख) विशेषण, स्त्रीलिंग, गुणवाचक, एकवचन, ऋतुविशेष्य

(ग) सर्वनाम ,स्त्रीलिंग ,गुणवाचक ,एकवचन, ऋतुविशेष्य

(घ) क्रियाविशेषण, स्त्रीलिंग ,गुणवाचक, एकवचन ,ऋतुविशेष्य

उत्तर- (ख) विशेषण, स्त्रीलिंग, गुणवाचक, एकवचन, ऋतुविशेष्य

प्रश्न 16. रमेश वहाँ आठवीं कक्षा में बैठा है | रेखांकित पद का पद परिचय है -

(क) क्रियाविशेषण ,कालवाचक ,कक्षाविशेष्य, स्त्रीलिंग

(ख) विशेषण ,स्थानवाचक ,कक्षाविशेष्य ,पुल्लिंग

(ग ) क्रियाविशेषण ,रीतिवाचक ,कक्षाविशेष्य ,स्त्रीलिंग

(घ ) विशेषण, संख्यावाचक, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, कक्षा विशेष्य

उत्तर- (घ) विशेषण, संख्यावाचक, क्रमसूचक, स्त्रीलिंग, कक्षा विशेष्य

प्रश्न 17. वे लड़के दुकान से पुस्तकें लाए| रेखांकित पद का पद परिचय है -

(क) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, विशेष्य - लड़के

(ख) सार्वनामिक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, विशेष्य - लड़के

(ग) गुणवाचक विशेषण, कर्ता से सम्बन्ध

(घ) सार्वनामिक विशेषण, बहुवचन, स्त्रीलिंग, विशेष्य - लड़के

उत्तर- (ख) सार्वनामिक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, विशेष्य - लड़के

प्रश्न 18 शोभा कल अपने विद्यालय गई थी| रेखांकित पद का पद परिचय है-

(क) संज्ञा, जातिवाचक ,एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ताकारक

(ख) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन , स्त्रीलिंग , कर्ताकारक

(ग) संज्ञा , भाववाचक, बहुवचन , स्त्रीलिंग , कर्ताकारक

(घ) संज्ञा , भाववाचक , एकवचन , पुल्लिंग , कर्ताकारक

उत्तर - (ख) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन , स्त्रीलिंग , कर्ताकारक

प्रश्न 19. तुम किसे देख रहे हो | रेखांकित पद का पद परिचय है -

(क) सर्वनाम, निजवाचक, कर्म कारक, एकवचन

(ख) सर्वनाम ,सम्बन्धवाचक, कर्मकारक, बहुवचन

(ग) सर्वनाम, प्रश्नवाचक, कर्मकारक, एकवचन

(घ) सर्वनाम, निश्चयवाचक, कर्मकारक, बहुवचन

उत्तर – (ग) सर्वनाम, प्रश्नवाचक, कर्मकारक, एकवचन

प्रश्न 20. उसने मेहनत से अपना काम पूरा किया | रेखांकित पद का पद परिचय है -

(क) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्म कारक

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्म कारक

(ग) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक

(घ) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, करण कारक

उत्तर - (घ) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, करण कारक

### (ख) वाक्य रचना

**प्रश्न 1**. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं ?

(क) चार (ख) तीन

(ग) आठ (घ) दो

**प्रश्न 2**. किसी वाक्य में उद्देश्य किसे कहते हैं ?

(क) कर्ता के कार्यों को (ख) विधेय को

(ग) वाक्य की क्रिया को (घ) कर्ता को या जिस के बारे में कुछ कहा जा रहा है

**प्रश्न 3**. कोई वाक्य किन दो मुख्य भागों में बटा होता है?

(क) उद्देश्य और विधेय (ख) विधेय और कर्म

(ग) उद्देश्य और क्रिया (घ) कर्ता और कर्म

**प्रश्न 4**. किसी वाक्य में विधेय, वाक्य का कौन सा भाग कहलाता है ?

(क) कर्ता के कार्यों को

(ख) वाक्य की क्रिया को

(ग) कर्ता या उद्देश्य के बारे में जो कुछ कहा जाता है

(घ) कर्ता को या जिस के बारे में कुछ कहा जा रहा है

**प्रश्न 5**. रचना के आधार पर वाक्य भेद में आश्रित उपवाक्य कितने प्रकार होते हैं?

(क) चार (ख) तीन

(ग) आठ (घ) दो

**प्रश्न 6**. 'वह पढ़ते ही खेलने चला गया |' वाक्य में विधेय की पहचान कीजिए ?

(क) पढ़ते ही खेलने चला गया (ख) वह

(ग) खेलने चला गया (घ) पढ़ते ही

**प्रश्न 7**. 'मेरी सहेली गीता बीमार है |' वाक्य में उद्देश्य है ?

(क) मेरी सहेली (ख) मेरी सहेली गीता

(ग) सहेली (घ) गीता

**2- निम्नलिखित प्रश्नों में रचना के आधार पर वाक्य की पहचान कीजिए ।**

**प्रश्न 1**. निम्नलिखित वाक्यों से संयुक्त वाक्य की पहचान कीजिए ?

(क) सूरज निकला और चिड़िया चहकनें लगीं ।

(ख) सुरेश थैला उठा कर बाजार चला गया ।

(ग) जैसे ही तुम बाहर गए कि वह सो गया ।

(घ) बारिश होते ही मोर नाचता है ।

**प्रश्न2**- निम्नलिखित वाक्यों में कौन सा वाक्य मिश्रित वाक्य है ?

(क) वह पढ़ते ही खेलने चला गया ।

(ख) उसने पढ़ाई की और खेलने चला गया ।

(ग) जैसे ही उसने पढ़ाई की वैसे ही खेल ने चला गया ।

(घ) वह पढ़कर खेलने चला गया ।

**प्रश्न 3**. निम्न वाक्यों में सरल वाक्य की पहचान कीजिए ?

(क) वह पढ़ा और सोने चला गया ।

(ख) वह बाजार जा रहा है ।

(ग) उसने कहा कि वह आज क्रिकेट खेलेगा ।

(घ) वह बीमार है इसलिए आज स्कूल नहीं जाएगा ।

**प्रश्न 4**- 'मैंने देखा कि पेड़ पर बंदर बैठा है |' वाक्य में संज्ञा उपवाक्य की पहचान कीजिए?

(क) मैंने देखा
(ख) पेड़ पर बंदर बैठा है

(ग) बंदर बैठा है
(घ) पेड़ पर

**प्रश्न 5**- रचना के आधार पर सरल वाक्य की पहचान कीजिए ?

(क) कल हम विद्यालय के उत्सव में जाएँगे ।

(ख) कल विद्यालय में उत्सव है और हम जाएँगे ।

(ग) कल विद्यालय में उत्सव है, हम वहाँ जाएँगे ।

(घ) कल हम विद्यालय जाएंगे और उत्सव देखेंगे ।

**प्रश्न 6**- 'जैसे ही हम स्टेशन पहुंचे वैसे ही गाड़ी छूट गई |' रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए ?

(क) संयुक्त वाक्य

(ख) सरल वाक्य

(ग) मिश्रित वाक्य

(घ) आश्रित उपवाक्य

**प्रश्न 7**- निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य की पहचान कीजिए ?

(क) हमारे घर से बाहर निकलते ही वर्षा होने लगी ।

(ख) जैसे ही हम घर से बाहर निकले, वर्षा होने लगी ।

(ग) हम घर से बाहर निकलेऔर वर्षा होने लगी ।

(घ) हमारे घर से निकलते ही वर्षा होने लगी ।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में निर्देशों के अनुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए ।**

प्रश्न 1. 'घड़ी नीचे गिरी और टूट गई |' वाक्य को मिश्रित वाक्य में परिवर्तित कीजिए?

(क) घड़ी नीचे गिरकर टूट गई ।

(ख) घड़ी जैसे ही नीचे गिरी कि वह टूट गई।

(ग) घड़ी नीचे गिरी तथा टूट गई।

(घ) घड़ी गिरने से टूट गई ।

**प्रश्न 2**- "वसंत ऋतु में कोयल कूकने लगती हैं" वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए ?

(क) वसंत ऋतु आते ही कोयल कूकने लगती हैं ।

(ख) वसंत ऋतु आई तथा कोयल कूकने लगी ।

(ग) जैसे ही बसंत ऋतु आई, कोयल कूकने लगी ।

(घ) इनमें से कोई नहीं ।

**प्रश्न 3**- साँझ हुई और पक्षी घोंसलों में लौटने लगे |"  वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए ?

(क) साँझ होते ही पक्षी घोंसलों में लौटने लगे ।

(ख) ज्यों ही साँझ हुई पक्षी घोंसलों में लौटने लगे |

(ग) जैसे ही साँझ हुई पक्षी घोंसलों में लौटने लगे |

(घ) इनमें से कोई नहीं ।

**प्रश्न 4**- "उसे गृहकार्य समाप्त करना था इसलिए देर रात तक जागता रहा |"  वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए ?

(क) उसे गृहकार्य समाप्त करना था तथा वह देर रात तक जागता रहा ।

(ख) उसे गृहकार्य समाप्त करना था परंतु वह देर रात तक जागता रहा ।

(ग) उसे गृहकार्य समाप्त करना था अतः वह देर रात तक जागता रहा ।

(घ) वह गृहकार्य समाप्त करने के लिए देर रात तक जागता रहा ।

**प्रश्न 5**- "वह अपने मित्र से मिलकर घर वापस आ गया |" वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए ?

(क) जैसे ही वह अपने मित्र से मिला, घर वापस आ गया ।

(ख) वह अपने मित्र से मिला, फिर घर वापस आ गया ।

(ग) वह अपने मित्र से मिलकर घर वापस आ गया ।

(घ) अपने मित्र से मिला तब घर वापस आ गया ।

**प्रश्न 6**- "मेरे पास पेट्रोल से चलने वाली एक गाड़ी है |" वाक्य को मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए ?

(क) मेरे पास एक गाड़ी है कि पेट्रोल से चलती है ।

(ख) मेरे पास एक गाड़ी है परंतु वह पेट्रोल से चलती है ।

(ग) मेरे पास एक गाड़ी है, जो पेट्रोल से चलती है ।

(घ) मेरे पास पेट्रोल से चलने वाली गाड़ी है ।

प्रश्न 7- निम्नलिखित वाक्यों को मिलाकर एक सरल वाक्य बनाइए -

(i) शेर दिखाई दिया |

(ii) सब लोग डर गए |

(क) शेर को देखकर सब लोग डर गए |

(ख) सब लोग डर गए क्योंकि उन्हें शेर दिखाई दिया |

(ग) शेर दिखाई दिया और सब लोग डर गए |

(घ) उपर्युक्त सभी सही हैं |

प्रश्न 8- निम्नलिखित वाक्यों को मिलाकर एक मिश्र वाक्य बनाइए -

(i) परीक्षक ने प्रश्नपत्र बाँट दिए |

(ii) परीक्षार्थी उत्तर लिखने लगे |

(क) परीक्षक द्वारा प्रश्न-पत्र बाँटते ही परीक्षार्थी उत्तर लिखने लगे |

(ख) जैसे ही परीक्षक ने प्रश्न-पत्र बाँटे, वैसे ही परीक्षार्थी उत्तर लिखने लगे |

(ग) परीक्षक ने प्रश्न-पत्र बाँटे और परीक्षार्थी उत्तर लिखने लगे |

(घ) परीक्षक ने प्रश्न-पत्र बाँटे, परीक्षार्थी उत्तर लिखने लगे |

प्रश्न 9- 'जब वह बोलता है तब सभी प्रभावित होते हैं |' आश्रित उपवाक्य का भेद बाताइए -

(क) संज्ञा उपवाक्य

(ख) क्रिया-विशेषण उपवाक्य

(ग) विशेषण उपवाक्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरमाला**

| **रचना के आधार पर वाक्य के अवयवों की पहचान** | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **(ख) तीन।** | 2 | **(घ) कर्ता को या जिसके बारे में कुछ कहा जा रहा है ।** |
| 3 | **(क) उद्देश्य और विधेय** | 4 | **(ग) कर्ता या उद्देश्य के बारे में जो कुछ कहा जाता है ।** |
| 5 | **(ख) तीन** | 6 | **(क) पढ़ते ही खेलने चला गया ।** |
| 7 | **(ख) मेरी सहेली गीता** | | |

**रचना के आधार पर वाक्य की पहचान**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **(क) सूरज निकला और चिड़िया चहकनें लगीं ।** | 2 | **(ग) जैसे ही उसने पढ़ाई की वैसे ही खेलने चला गया ।** |
| 3 | **(ख) वह बाजार जा रहा है ।** | 4 | **(ख) पेड़ पर बंदर बैठा है ।** |
| 5 | **(क) कल हम विद्यालय के उत्सव में जाएंगे ।** | 6 | **(ग) मिश्रित वाक्य** |
| 7 | **(ख) जैसे ही हम घर से बाहर निकले, वर्षा होने लगी ।** | | |

| **वाक्य परिवर्तन** | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | (क)**घड़ी जैसे ही नीचे गिरी कि वह टूट गई।** | 2 | **(ख) वसंतऋतु आई तथा कोयल कूकने लगी ।** |
| 3 | (क) साँझ होते ही पक्षी घोंसलों में लौटने लगे । | 4 | **(घ) वह गृह कार्य समाप्त करने के लिए देर रात तक जागता रहा ।** |
| 5 | **(ख) वह अपने मित्र सेमिला, फिर घर वापस आ गया ।** | 6 | **(ग) मेरे पास एक गाड़ी है, जो पेट्रोल से चलती है ।** |
| 7. | (क) शेर को देखकर सब लोग डर | 8. | (ख) जैसे ही परीक्षक ने प्रश्न-पत्र |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | गए \| | | बाँटे, वैसे ही परीक्षार्थी उत्तर लिखने लगे \| |
| 9. | (ख) क्रिया-विशेषण उपवाक्य | | |

**(ग) वाच्य**

1. 'पानवाले द्वारा साफ बता दिया गया था | वाच्य का प्रकार बताइए -

(क) कर्तृवाच्य

(ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य

(घ) करणवाच्य

उत्तर- (ख) कर्मवाच्य

2. कलाकार द्वारा नृत्य किया गया । वाच्य है -

(क) कर्तृवाच्य

(ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य

(घ) करणवाच्य

उत्तर- (ख) कर्मवाच्य

3- सुरेश से चला नहीं जाता । वाच्य है -

(क) भाववाच्य

(ख) कर्मवाच्य

(ग) करणवाच्य

(घ) कर्तृवाच्य

उत्तर- (क) भाववाच्य

4- रमा नहीं खाएगी |वाक्य का भाववाच्य में रूपांतरण होगा -

(क) रमा खाएगी |

(ख) रमा खा नहीं सकती |

(ग) रमा से खाया नहीं जाएगा |

(घ) रमा द्वारा खाया जाएगा |

उत्तर - (ग) रमा से खाया नहीं जाएगा |

5- सरकार ने घोषणा की है । वाक्य किस वाच्य से सम्बंधित है -

(क) कर्तृवाच्य

(ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (क) कर्तृवाच्य

6- राम के द्वारा निबंध पढ़ा जाता है | वाक्य किस वाच्य से सम्बंधित है -

(क) भाववाच्य

(ख) कर्मवाच्य

(ग) कर्तृवाच्य

(घ) करणवाच्य

उत्तर - (ख) कर्मवाच्य

**7-** 'चोट लगाने के बाद उससे खड़ा नहीं हुआ जाता |' वाच्य का प्रकार बताइए -

(क) कर्तृवाच्य

(ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य

(घ) करणवाच्य

उत्तर - (ग) भाववाच्य

8- 'गायिका ने मधुर गीत गाए |' वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए ।

(क) गायिका द्वारा मधुर गीत गाया गया |

(ख) गायिका द्वारा मधुर गीत गाए गए |

(ग) गायिका द्वारा मधुर गीत गाया जा सका |

(घ) गायिका द्वारा मधुर गीत गाया जा सका |

उत्तर- (ख) गायिका द्वारा मधुर गीत गाए गए |

9- 'मरीज ने आज खाना खाया |' वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए -

(क) मरीज को खाना खिलाया गया |

(ख) मरीज से खाना खाया नहीं गया |

(ग) मरीज खाना खाया |

(घ) मरीज द्वारा खाना खाया गया |

उत्तर- (घ) मरीज द्वारा खाना खाया गया |

10 - 'माँ रो भी नहीं सकती |' वाक्य को भाववाच्य में बदलिए ।

(क) माँ द्वारा रोया गया |

(ख) माँ से रोया भी नहीं जाता |

(ग) माँ ने रोया |

(घ) माँ ने नहीं रोया |

उत्तर - (ख) माँ से रोया भी नहीं जाता |

11 - 'मैं पढ़ नहीं सकता |' वाक्य को भाववाच्य में बदलिए -

(क) मुझसे पढ़ा नहीं गया |

(ख) मुझे नहीं पढ़ना चाहिए था |

(ग) मुझसे पढ़ा नहीं जा सकता |

(घ) मुझसे पढ़ा गया |

उत्तर - (ग) मुझसे पढ़ा नहीं जा सकता |

12 - 'सीमा द्वारा बुढ़िया को सड़क पार कराई गई |' वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए -

(क) सीमा बुढ़िया को सड़क पार कर आती है |

(ख) सीमा गुड़िया के प्रति दयावान है |

(ग) सीमा ने बुढ़िया को सड़क पार नहीं कराई |

(घ) सीमा ने बुढ़िया को सड़क पार कराई |

उत्तर- (घ) सीमा ने बुढ़िया को सड़क पार कराई |

13. 'राकेश से रोया नहीं जाता |' वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए।

(क) राकेश नहीं रोता है | (ख) राकेश रोने के लिए उत्सुक है |

(ग) राकेश द्वारा रोया जाता है| (घ) उपर्युक्त कोई नहीं

उत्तर - (क) राकेश नहीं रोता है |

**14.** निम्नलिखित वाक्यों में से कर्मवाच्य वाला वाक्य छांटिए -

(क) किसान खेत में खाद डालते हैं |

(ख) किसान द्वारा खेत में खाद डाली जाती है |

(ग) क्या सोहन पेड़ पर चढ़ पाएगा |

(घ) नहीं, सोहन पेड़ पर नहीं चढ़ पाएगा |

उत्तर - (ख) किसान द्वारा खेत में खाद डाली जाती है |

**15.** निम्नलिखित वाक्यों में से कर्तृवाच्य वाला वाक्य छांटिए -

(क) ड्राइवर बस चलाता है |

(ख) ड्राइवर द्वारा बस चलाया गया |

(ग) ड्राइवर से बस नहीं चलाया जाता |

(घ) ड्राइवर द्वारा बस घुमाया गया |

उत्तर - (क) ड्राइवर बस चलाता है |

**16-** निम्नलिखित वाक्यों में से भाववाच्य वाला वाक्य छांटिए -

(क) अमित द्वारा दौड़ा गया |

(ख) अमित से दौड़ा नहीं जाता |

(ग) अमित दौड़ रहा है |

(घ) अमित दौड़ेगा |

उत्तर - (ख) अमित से दौड़ा नहीं जाता |

17. निम्नलिखित वाक्यों में से भाववाच्य वाक्य चुनकर लिखिए -

(क) मैंने समय की पाबंदी पर निबंध लिखा |

(ख) भाई साहब द्वारा मुझे पुस्तक दी गई |

(ग) एडीसन द्वारा बल्ब बनाया गया |

(घ) अब पढ़ा जाए |

उत्तर - (घ) अब पढ़ा जाए |

18 - निम्नलिखित में से कर्तृवाच्य का सही उदाहरण नहीं है -

(क) किसान खेत में सोता है |

(ख) राम विद्यालय जाता है |

(ग) सोहन घर के लिए रवाना हुआ |

(घ) श्याम द्वारा पत्र लिखा गया |

उत्तर -(घ) श्याम द्वारा पत्र लिखा गया |

**19-** निम्नलिखित में से कौन सा कर्मवाच्य का सही उदाहरण नहीं है -

(क) मीरा के द्वारा लिखा नहीं जाता |

(ख) कवि ने एक कविता सुनाई |

(ग) कवि के द्वारा एक कविता सुनाई गई |

(घ) आज मोहन द्वारा जल्दी - जल्दी पुस्तक पढ़ी गई थी |

उत्तर - (ख) कवि ने एक कविता सुनाई |

**20-** निम्नलिखित में से कौन-सा भाववाच्य का सही उदाहरण नहीं है -

(क) माँ से बैठा नहीं जाता |

(ख) अभी दिनेश से टहला नहीं जाता |

(ग) हिरण से अब दौड़ा नहीं जाता |

(घ) रेखा रस्सी नहीं कूदती |

उत्तर - (घ) रेखा रस्सी नहीं कूदती |

**(घ) रस**

1. "अखिल भुवन चर अचर सब, हरिमुख में लखि मात |
चकित भई गदगद वचन विकसित दृग पुलकात ||" पंक्तियों में निहित रस है -

(क) करुण (ख) हास्य

(ग) अद्भुत (घ) शांत

सही उत्तर- (ग)

2. "सिर पै बैठ्यो काग, आँख दोउ खात निकारत |
खींचत जीभहि स्यार, अतिहि आनंद उर धारत ||" पंक्तियों में निहित रस है -

(क) करुण (ख) भयानक

(ग) अद्‌भुत (घ) वीभत्स

सही उत्तर - (घ)

3. "किलकत कान्ह घुटुरुवनि आवत |
मनिमय कनक नन्द के आँगन, बिंब पकरिवै धावति |" इन पंक्तियों में कौन सा रस है ?

(क) हास्य (ख) वीर

(ग) वात्सल्य (घ) शांत

सही उत्तर - (ग)

4. निम्नलिखित पंक्तियों में निहित रस का स्थायीभाव है -

रे नृप बालक कालबस बोलत तोहि न सँभार |
धनुही सम त्रिपुरारिधनु बिदित सकल संसार ||

(क) हास (ख) उत्साह

(ग) शोक (घ) रौद्र

सही उत्तर - (घ)

5- किस रस को 'रसराज' कहा जाता है ?

(क) रौद्र (ख) भक्ति

(ग) श्रृंगार (घ) करुण

सही उत्तर - (ग)

6. श्रृंगार रस का स्थाई भाव है ?

(क) शोक (ख) रति

(ग) उत्साह (घ) आश्चर्य

सही उत्तर - (ख)

7. करुण रस का स्थाई भाव क्या है ?

(क) शोक (ख) रति

(ग) भय (घ) उत्साह

सही उत्तर - (क)

8. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति को पढ़कर रस का नाम लिखिए-

"मन रे तन कागद का पुतला |
लागै बूँद बिनसि जाय छिन में, गरब करै क्या इतना"

(क) अद्‌भुत रस

(ख) शांत रस

(ग) करुण रस

(घ) भयानक रस

सही उत्तर - (ख)

9. वाक्यं रसात्मकं काव्यं किसकी परिभाषा है ?

(क) कल्हण (ख) चरक

(ग) विश्वनाथ (घ) भरत

सही उत्तर - (ग)

10. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति को पढ़कर रस का नाम लिखिए-

"अवधि अधार आस आवन की, तन-मन बिथा सही |
अब इन जोग संदेसनि सुनि- सुनि, बिरहिनि बिरह दही ||"

(क) संयोग श्रृंगार

(ख) करुण रस

(ग) वियोग श्रृंगार

(घ) हास्य रस

सही उत्तर - (ग)

11. अनुभाव के कितने भेद होते है ?

(क) 8 (ख) 4

(ग) 9 (घ) 2

सही उत्तर - (ख)

12. वीभत्स रस का स्थायीभाव है -

(क) निर्वेद (ख) हास

(ग) शोक (घ) घृणा

सही उत्तर - (घ)

13. संचारी भाव कितने प्रकार के है ?

(क) 23 (ख) 43

(ग) 33 (घ) 13

सही उत्तर - (ग)

14. उत्साह किस रस का स्थाई भाव है ?

(क) भयानक रस (ख) अद्भुत रस

(ग) वीर रस (घ) श्रृंगार

सही उत्तर - (ग)

15. आश्चर्य किस रस का स्थाई भाव है ?

(क) अद्भुत रस (ख) करुण रस

(ग) हास्य रस (घ) रौद्र रस

सही उत्तर - (क)

16. रौद्र रस का स्थाई भाव क्या है ?

(क) भय (ख) क्रोध

(ग) आश्चर्य (घ) शोक

सही उत्तर - (ख)

17. हास्य रस का स्थाई भाव क्या है ?

(क) हास (ख) शोक

(ग) कपोत (घ) घृणा

सही उत्तर - (क)

18. जिसके हृदय में आलंबन को देखकर भाव जाग्रत होते है उसे क्या कहते हैं ?

(क) आश्रय (ख) उद्दीपन

(ग) आलंबन (घ) कोई नहीं

सही उत्तर - (क)

19. 'विस्मय' स्थायीभाव से कौन सा रस जाग्रत होता है ?

(क) करुण (ख) हास्य

(ग) रौद्र (घ) विस्मय

सही उत्तर - (घ) विस्मय

20. "दुःख ही जीवन की कथा रही क्या कहूँ आज जो नहीं कही" पंक्ति में रस है -

(क) श्रृंगार

(ख) करुण

(ग) रौद्र

(घ) भयानक

सही उत्तर - (ख)